4067 (E)
17/6/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक– 16/6/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, गोपालगंज के अन्तर्गत Widening & Strengthening of Bandhauli to Satarghat NH via Bahrampur, Pakha (Upto Pakha, Length-5.50 Km.) Under Baikunthpur Block of Gopalganj District for the year 2023-24 (NABARD) कार्य के समयवृद्धि का प्रस्ताव जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थिति :**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1110(अनु०) दिनांक–09.04.2026 के द्वारा विषयांकित कार्य के समयवृद्धि स्वीकृति हेतु प्राप्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं विहित प्रपत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening & Strengthening of Bandhauli to Satarghat NH via Bahrampur, Pakha (Upto Pakha, Length-5.50 Km.) Under Baikunthpur Block of Gopalganj District for the year 2023-24 (NABARD) |
| 2.2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2778.13 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–5017(एस०) दिनांक–02.09.2020 |
| 2.3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2738.80 लाख।<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–2391(अनु०) दिनांक–20.10.2023 |
| 2.4 | संशोधित तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2685.12 लाख।<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–226(अनु०) दिनांक–22.01.2026 |
| 2.5 | एकरारनामा संख्या | : | 06/SBD/2023-24 |
| 2.6 | एकरारनामा की राशि | : | ₹26,35,20,438.00 |
| 2.7 | संवेदक का नाम | : | M/s Bholeshankar Erection and Construction Pvt. Ltd. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.8 | एकरारनामा के अनुसार कार्यारम्भ की तिथि | : | 12.03.2024 |
| 2.9 | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि | : | 11.03.2025 |
| 2.10 | माँग की गई समयवृद्धि की तिथि | : | 28.08.2025 (कार्य पूर्ण) |

3. **समयवृद्धि का कारण** :–

(i) उक्त पथ का चैनेज 3+900 कि०मी० से 5+500 कि०मी० तक पथांश सारण मुख्य तटबंध के आन्तरिक भाग में अवस्थित है, जो गंडक नदी का दियारा क्षेत्र जलमग्न होने के कारण कार्य बाधित।

4. **कार्यपालक अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता की अनुशंसा:–**

(i) अधीक्षण अभियंता, सारण पथ अंचल, हाजीपुर के पत्रांक–249(अनु०) दिनांक–17.02.2026 में अंकित किया गया है कि कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, गोपालगंज के पत्रांक–156(अनु०) दिनांक–21.01.2026 से प्रतिवेदित है कि पथ के चैनेज 3.90 से 5.50 कि०मी० में वाल्मिकी नगर बराज से अत्याधिक पानी छोड़े जाने के कारण पथ स्थल जलमग्न हो गया था। पुनः कार्यपालक अभियंता द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त पथ का चैनेज 3+900 कि०मी० से 5+500 कि०मी० तक पथांश सारण मुख्य तटबंध के आन्तरिक भाग में अवस्थित है, जो गंडक नदी का दियारा क्षेत्र होने से जलमग्न होने के कारण भी निर्माण कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

5. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा** :–

संवेदक द्वारा शपथ–पत्र दिया गया है कि विस्तारित अवधि में किसी प्रकार का Price Escalation की माँग नहीं की जायेगी तथा कार्यपालक अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता द्वारा किये गये अनुशंसा के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त् सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य में दिनांक-28.08.2025 तक समयवृद्धि की स्वीकृति इस शर्त्त के साथ प्रदान करने की अनुशंसा की जाती है कि विस्तारित अवधि में संवेदक को Price Escalation का लाभ एवं कोई अन्य वित्तीय दावा मान्य नहीं होगा, परन्तु यदि विस्तारित अवधि का Price Index एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि से कम हो तो Price Neutralization हेतु विस्तारित अवधि का Price Index लागू होगा।

6. विभागीय निविदा समिति का निर्णय :–

6.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1110(अनु०) दिनांक–09.04.2026 द्वारा प्राप्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में पथ प्रमंडल, गोपालगंज के अन्तर्गत **Widening & Strengthening of Bandhauli to Satarghat NH via Bahrampur, Pakha (Upto Pakha, Length-5.50 Km.) Under Baikunthpur Block of Gopalganj District for the year 2023-24 (NABARD)** (एकरारनामा संख्या–**06/SBD/2023-24**) हेतु दिनांक–28.08.2025 तक समयवृद्धि की स्वीकृति इस शर्त्त के साथ प्रदान की जाती है कि विस्तारित अवधि में संवेदक को **Price Escalation** का लाभ एवं कोई अन्य वित्तीय दावा मान्य नहीं होगा, परन्तु यदि विस्तारित अवधि का **Price Index/Rate** एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि से कम हो तो **Price Neutralization** हेतु विस्तारित अवधि का **Price Index/Rate** लागू होगा।

6.2 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांक–प्र०–7/विविध(स०वृ०)–04–13/2026 4067(E) पटना, दिनांक 17/6/2026

**प्रतिलिपि** :– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, सारण पथ अंचल, हाजीपुर/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।